Ex.P.-487

S-92



## कथन

दीनदयाल अग्रवाल पिता, स्व. श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, उम्र 58 वर्ष, पता–आजाद चौक, अकलतरा, जिला–जांजगीर चांपा, मोबाईल नम्बर 94255–34725

मैं अकलतरा में रहता हूं। अकलतरा में मेरा ओम गंगा नाम से राईस मिल है। फेडरेशन से धान प्राप्त करके कस्टम मिलिंग करके चावल को एफ.सी.आई एवं नागरिक आपूर्ति निगम में जमा करते है। धान से चावल तैयार करने में शासन से प्रति क्विंटल 40 रूपये मिलता है। धान से चावल तैयार करने के बाद कोडहा एवं कनकी मिलर्स का होता है। अकलतरा में नागरिक आपूर्ति निगम का टेक्निशियन श्री माखीजा जी पदस्थ है। जनरल चर्चा में ऐसा पता चला कि धमतरी से अकलतरा चावल का रेक आने वाला है। इस संबंध में मैंने माखीजा से चर्चा किया कि डिस्टीनेशन बदल जायेगा, यदि सरकारी खर्च होता है तो उसे हम लोग दे देंगे, तब माखीजा ने कहा कि मैं प्रयास करूंगा। माखीजा ने कुछ नहीं बताया तब दिनांक 02.02.2015 को अपने मोबाईल से नागरिक आपूर्ति निगम मुख्यालय रायपुर के मैनेजर भट्ट साहब से बात किया कि अकलतरा गोदाम में जगह नहीं है। अकलतरा से हमेशा चावल बाहर भेजते हो, इस बार बाहर से यहां से चावल मंगवा रहे हो, तब भट्ट साहब ने कहा कि डायवर्ट कराने में लगा हुआ हूं, तब मैंने कहा कि शासकीय खर्च पेनाल्टी लगेगी, हम लोग दे देंगे। मैंने यह भी कहा कि 01–02 दिन में रायपुर आने का कार्यक्रम है। अकलतरा के टेक्निशियन माखीजा द्वारा बताया गया राशि 50,000रू. लेकर आऊंगा। उसके बाद मैं रायपुर नहीं आया और न ही नागरिक आपूर्ति निगम वालों को रेक के डायवर्ट करने में कोई शासकीय खर्च नहीं हुआ इसलिए राशि नहीं दिया।

ROAC, before me,

[signature] 01/04/15

(एस0डी0 देवस्थले)
निरीक्षक
आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो,
रायपुर, छत्तीसगढ